# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :........................................./सम्बद्धता अनु./2019

दिनांक :. ..........................................................

सेवा में,

सर्वोच्च प्राथमिकता

1. समस्त संकायाध्यक्ष,
   ल0वि0वि0।
2. समस्त विभागाध्यक्ष,
   लखनऊ विश्वविद्यालय,
   लखनऊ।
3. प्राचार्य,
   समस्त अनुमोदित सहयुक्त महाविद्यालय,
   लखनऊ।

महोदय,

सूच्य है कि लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य एवं शिक्षकों के चयन हेतु विषय विशेषज्ञ नामित किये जाते हैं। उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 (यथासंशोधित) के प्राविधानानुसार कार्यपरिषद के समक्ष सूची अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की जानी है जिसके लिए उनके नाम, विभाग, पता एवं मो0 आदि की आवश्यकता है।

अतः मा0 कुलपति महोदय के निर्देशानुसार आपसे अनुरोध है कि अपने विभाग के विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों (यथा सम्भव स्थानीय) तथा अन्य ख्यातिलब्ध महानुभावों को न्यूनतम 20 एवं अधिकतम 30 नाम जो एसो0प्रो0 से कम न हों अर्थात प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर हों, निम्न प्रारूप पर सात दिवस के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

| क.सं. | नाम पदनाम सहित (प्रो0/एसो0प्रो0) | विषय | पता (कार्यरत स्थान एवं निवास) | मो0नं0 |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

उक्त सूची अधिनियम के प्राविधानानुसार कार्य परिषद के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की जानी है। सूची में अंकित व्यक्तियों में से महाविद्यालयों के निरीक्षण हेतु शिक्षकों का नामांकन सहयुक्त महाविद्यालयों में शिक्षक चयन हेतु विषय विशेषज्ञों का नामांकन कुलपति द्वारा किया जायेगा। कार्य परिषद के निर्णय के अनुपालन में उक्त सूचना अपेक्षित है। अतः कृपया प्रकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सूचनायें उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(वी0पी0 कौशल)
उप कुलसचिव
कृते कुलसचिव

संख्या : AF|28447–49 दिनांक : 12|12|2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि संदर्भित विभागाध्यक्षों को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाईल।

(वी0पी0 कौशल)
उप कुलसचिव